हे वत्स! जो हमसे श्रेष्ठ ब्राह्मण हो उन्हें श्रेष्ठ आसन से सम्मानित करना। उन ब्राह्मणों को आस्तिक बुद्धि से दक्षिणा देना। न श्रद्धा हो तो भी दक्षिणा देना। धन हो तो भी देना न हो तो भी देना। लज्जा से, भय से, ज्ञान पूर्वक अथवा अज्ञानपूर्वक उन ब्राह्मणों को अवश्य दक्षिणा देना। यदि तुमको कर्म या चरित्र के सम्बन्ध में कोई संशय हो तो जो तुम्हारे निकट कुशल, श्रेष्ठ उपदेश देने में निपुण, निर्दोष और निर्लोभ ब्राह्मण

रहते हों, वे जैसा वाचन करें वैसा ही आचरण करना। यही आदेश है, यही उपदेश है, यही गोपनीय वैदिक उपनिषद् का ज्ञान है। धीरे-धीरे इसे जीवन में उतारो। क्योंकि यही जीवन में उतारना चाहिए ॥ श्री ॥

।। इति शिक्षावल्ली का एकादश अनुवाक सम्पन्न हुआ ।।

।। श्रीराघवः शन्तनोतु ।।

●

।। अथ द्वादश-अनुवाक ।।

संगति– अब शिक्षा अध्याय को विश्राम देती हुई भगवती श्रुति भूतकाल की भंगिमा से फिर वही शान्तिपाठ पढ़ती हैं ॥ श्री ॥

शं नो मित्रः शं वरुणः। शं नो भवत्वर्यमा। शं न इन्द्रो बृहस्पतिः। शं नो विष्णुरुरुक्रमः। नमो ब्रह्मणे। नमस्ते वायो। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मावादिषम्। ऋतमवादिषम्। सत्यमवादिषम्। तन्मामावीत्। तद्वक्तारमावीत्। आवीन्माम्। आवीद्वक्तारम्। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥१॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– मित्र, वरुण, अर्यमा, इन्द्र, बृहस्पति तथा अनन्त चरण विक्षेप करने वाले भगवान् विष्णु, ये पाँचों देवता हमारा कल्याण करें। ब्रह्म को नमस्कार है। वायु देवता! आपको नमस्कार। आप प्रत्यक्ष ब्रह्म हैं। मैंने आपको प्रत्यक्ष ब्रह्म रूप में स्थिर किया। मैंने ऋत भाषण किया, मैंने यथार्थ बोला, आपने मेरी रक्षा की, आपने मेरे वक्ता की रक्षा की, आपने मुझे और वक्ता को संकट से बचाया। प्राणिमात्र के तीनों ताप की शान्ति हो, शान्ति हो, शान्ति हो ॥ श्री ॥

।। इति तैत्तिरीयोपनिषद् की शिक्षावल्ली पर
श्रीराघवकृपाभाष्य सम्पन्न हुआ ।। श्री ।।

।। श्रीराघवोः शन्तनोतु ।।

●

।। अथ ब्रह्मानन्द वल्ली ।।

।। शान्तिपाठ ।।

ॐ शन्नो मित्र, शं वरूणः। शं नो भवत्वर्यमा। शं न इन्दरो बृहस्पतिः। शं नो विष्णुरूरूक्रमः। नमो ब्रह्मणे। नमस्ते वायो त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि। त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्मावादिषम्। सत्यमवादिषम्। तन्मामावीत्। तद्वक्तारमावीत्। आवीन्माम्। अवीद्वक्तारम्।।१।।

ॐ सह नाववतु। सह नौ भनुक्तु। सहवीर्यं करवावहै। तेजस्विनावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।

संगति– ब्रह्मानन्द वल्ली में ॐ शन्नो मित्र एवं ॐ सह नाववतु। ये दो शान्तिपाठ हैं। पूर्वमन्त्र की शिक्षाध्याय में ही व्याख्या कर दी गयी है, और 'सह नाववतु' की कठोपनिषद् में व्याख्या किये जाने पर भी फिर यहाँ व्याख्या की जा रही है। ऋषि भगवान् से प्रार्थना करते हैं— यहाँ नौ शब्द का तीन बार प्रयोग हुआ है। दो बार द्वितीया द्विवचन के अर्थ में तथा एक बार षष्ठी द्विवचन के अर्थ में। 'ओम्' इसका कर्त्ता है। जिसका अर्थ है— सबके रक्षण करता परमेश्वर। आचार्य प्रार्थना करते हुए कहते हैं— सबके पालन-पोषण कर्त्ता परमेश्वर हम दोनों (गुरु-शिष्यों) को साथ ही विपत्तियों से बचावें। वे भक्तभयहारी भगवान् हम दोनों (गुरु-शिष्य) को साथ ही अपनी कृपासुधा धारा से पालें। हम दोनों आचार्य-शिष्य साथ ही साथ शास्त्र में पराक्रम प्रस्तुत करें। हम दोनों (गुरु-शिष्य) का वैदिक अध्ययन तेजस्वी हो। हम दोनों (गुरु-शिष्य) परस्पर विद्वेष न करें।। श्री ।।

व्याख्या– यहाँ 'भुनक्तु' शब्द की व्याख्या में आदि शंकराचार्य जी ने पालन अर्थ न करके, 'ब्रह्म हमें ब्रह्म सुख का भोजन कराये' ऐसा अर्थ किया है, परन्तु उनकी यह व्याख्या अत्यन्त शास्त्रविरुद्ध है। क्योंकि भुज् धातु पालन अर्थ में परस्मैपदी और अध्यवहार अर्थात् भोजन अर्थ में आत्मनेपदी होता है 'भुजपालनाभ्यवहारयोः' (पा०अ०- १४५४) स्वयं पाणिनि पालन से भिन्न अर्थात् भोजन अर्थ में भुज् धातु से आत्मनेपदीय प्रत्यय का विधान करते हैं। भुजोऽनवने (पा०अ०- १/३/६६) विधिवसात् 'भुनक्तु' शब्द भुज् धातु के लोट् लकार के प्रथमपुरुष एकवचन में परस्मैपद तिप्प्रत्यय

इकार का उकार करके निष्पन्न हुआ। इससे इसका पालन अर्थ ही सिद्ध होगा न कि भोजन। शंकराचार्य ने पालयतु के स्थान पर भोजयतु अर्थ किया होगा और किस स्वार्थ से अपने ही द्वारा भगवान् शब्द से सम्बोधित किये जाने वाले महर्षि पाणिनि के शब्दानुशासन का उल्लंघन किया और किस आपत्ति के निवारण हेतु भुज धातु में अन्तर्भावित ण्यर्थ की कल्पना की। यदि कहें कि— अद्वैतवाद की रक्षा के लिए तो यह कहना उचित नहीं है। क्योंकि 'नौ ब्रह्म भोजयतु' व्याख्या करने पर भी उनके अद्वैतवाद की रक्षा नहीं हो सकती। क्योंकि वहाँ भोजन कराने वाले तथा भोजन करने वाले और भोजनीय पदार्थ ये तीन पृथक् तत्व मानने पड़ेंगे। क्योंकि एक ही व्यक्ति में एक ही साथ भोजन कराना, भोजन करना और भोज्य बनना ये तीनों धर्म नहीं समन्वित हो सकते। अत: 'भक्षितेऽपि लसुने न शान्तो व्याधि:' लहसुन भी खाया और व्याधि भी नहीं समाप्त हुआ। इसी लोकोक्ति के अनुसार व्याकरण की मर्यादा का उल्लंघन करके अधर्म भी किया और अद्वैतवाद की रक्षा भी नहीं हो सकी। इसलिए यहाँ हमारी ही व्याख्या उपयुक्त है।। श्री।।

इस मन्त्र को कुछ लोग भोजन करते समय पढ़ते हैं। इसमें उनका क्या आधार है, यह तो वे ही जाने क्योंकि इस मंत्र में भोजन शब्द का कहीं उल्लेख नहीं है फिर भी अकरणात् मन्दकरणं श्रेय:' न करने से कुछ करना अच्छा है। 'उपवास से भला पतोहू का जूठन' लोकोक्ति की दृष्टि से कोई विशेष आपत्ति नहीं है। जबकि भोजन काल में 'सह नाववतु' का पाठ उचित नहीं है। इसके बदले 'नाभ्या आसीत् .... इत्यादि शुक्ल यजुर्वेद (३१/१३) का पाठ उचित है।। श्री।।

।। अथ प्रथम-अनुवाक ।।

संगति– इस ब्रह्मानन्दवल्ली में ब्रह्म का स्वरूपलक्षण और इस सृष्टि के अभिन्ननिमित्तोपादानकारणरूप में ब्रह्म का वर्णन किया जा रहा है।। श्री।।

ॐ ब्रह्मविदाप्नोति परम्। तदेषाभ्युक्ता। सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म। यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन्। सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चितेति। तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाश: सम्भूत:। आकाशाद्वायु:। वायोरग्नि:। अग्नेराप:। अद्भ्य: पृथिवी। पृथिव्या

ओषधयः। ओषधीभ्योऽन्नम्। अन्नात्पुरुषः। स वा एष पुरुषोऽन्न-रसमयः। तस्येदमेव शिरः। अयं दक्षिणः पक्षः। अयमुत्तरपक्षः। अयमात्मा। इदं पुच्छं प्रतिष्ठा। तदप्येषः श्लोको भवति॥१॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– 'ओम्' यह परमेश्वर का स्मरण है। पर ब्रह्म परमात्मा को जानने वाला तथा परमेश्वर को प्राप्त करने वाला एवं श्रुत्यर्थ से परमात्मा का विचार करने वाला साधक अन्ततोगत्वा परब्रह्म परमात्मा को प्राप्त कर लेता है तथा परमेश्वर के सर्वश्रेष्ठ साकेतलोक को प्राप्त कर लेता है॥ श्री॥

उसी ब्रह्म की महिमा गाती हुई भगवती श्रुति द्वारा एक ऋचा भी कही गयी है। ब्रह्म सत्य अर्थात् सत् स्वरूप हैं, वह ज्ञान स्वरूप और ज्ञान का अधिकरण हैं। उनका कोई अन्त नहीं है। इस प्रकार सभी के हृदयरूप गुफा में अन्तर्यामीरूप से विराजमान तथा परमव्योम साकेतलोक में श्रीसीताजी के सहित प्रतिष्ठित श्रीराम ब्रह्म को अपना सेव्य समझ कर जो उनकी उपासना करता है, वह सर्वज्ञ प्रभु श्रीराम के साथ साकेत में विराजता हुआ प्रभु के प्रसादरूप सभी कमनीय पदार्थों का सेवन करता है। उन्हीं श्रीसाकेतभूषण राम से अभिन्न अयोध्याधिपति श्रीरामजी से ही जीव का प्रथमभोग्य शब्द गुणवाला आकाश उत्पन्न हुआ। आकाश से शब्द, स्पर्श, गुण वाला वायु, वायु से शब्द, स्पर्श, रूप गुण वाला अग्नि, अग्नि से शब्द, स्पर्श, रूप, रस गुण वाला जल तथा जल से शब्द, स्पर्श, रूप, रस गंध वाली पृथ्वी, पृथ्वी से सभी ओषधियाँ, ओषधियों से अन्न और अन्न से शरीरावच्छिन्न यह पुरुष उत्पन्न हुआ। यह पुरुष अन्नमय और रसमय है। यह एक पक्षी के समान है। प्रत्यक्ष दिखने वाला सिर ही इस जीवात्मा रूप पक्षी का सिर है। यह दाहिना हाथ ही इसका दाहिना पंखा है। यह बांया हाथ ही इसका बांया पंखा है। शरीर का मध्य भाग ही जीवात्म पक्षी का शरीर है। पिछला भाग ही इसकी पूँछ हैं। दोनों चरण ही इसके चरण हैं॥ श्री॥

व्याख्या– श्रुति द्वारा कही हुई ऋचा में ब्रह्म का स्वरूपलक्षण किया गया है। सत् चित् आनन्द ही ब्रह्म का स्वरूप है। जो क्रमशः सत्यम्, ज्ञानम्, और अनन्तम् से कहा गया है। 'सदेव सत्यम्' सत्य ही सत्य है।

यह स्वार्थ में यत् प्रत्यय अथवा शाखा आदि गण में पठित होने से प्रथमान्त सत् शब्द से स्वार्थ में 'य' प्रत्यय हुआ। यदि कहें कि स्वार्थ प्रत्यय में क्या प्रमाण है तो इसका उत्तर है कि वेदमन्त्र ही इसका परम प्रमाण हैं। छान्दोग्य उपनिषद् के छठे उध्याय में यह कहा गया है कि— हे सोम्य। सृष्टि के पहले एक मात्र अद्वितीय यह सत् ही था। 'सदेव सोम्य' सत् एव इस विग्रह में— 'शाखा दिभ्यो यः' सूत्र से यो प्रत्यय हुआ अथवा 'सद्भो हितं सत्यम्' जो सन्तों के लिए हितैषी हो उसे सत्य कहते हैं। इस विग्रह में 'गवादिभ्यो यत्' सूत्र से यत् प्रत्यय करके सत्यशब्द निष्पन्न किया जाता है। यहाँ 'भ' संज्ञा से पद संज्ञा का बाध होने के कारण 'जस्त्व' नहीं होता। 'ज्ञायते इति ज्ञानम्' ज्ञान के विषय को ज्ञान कहते हैं। प्रभु समस्त ज्ञान के विषय हैं। यहाँ अवबोधनात्मक 'ज्ञा' धातु से 'करण' में ल्युट् प्रत्यय हुआ। ज्ञायते अनेन इति ज्ञानम्। ज्ञायते अस्मिन् इति ज्ञानम्। जिसके द्वारा और जिसके साक्षित्व में ज्ञान प्राप्त किया जाता है, उसे ज्ञान कहते हैं। इन दोनों विग्रहों में ''करणाधिकरणयोश्च' (पा०अ०- ३/३/११७) सूत्र से ल्युट् प्रत्यय हुआ। अथवा ज्ञायते इति ज्ञानम्। इस भाव की व्युत्पत्ति में ल्युट् च (पा०अ०- ३/३/११५) सूत्र से ल्युट् प्रत्यय और 'ज्ञानम् नित्यम् अस्ति अस्मिन् इति ज्ञानम्' इस विग्रह में नित्ययोग में मत्वर्थीय अच् प्रत्यय हुआ। अर्थात् ब्रह्म ज्ञान का स्वरूप तथा ज्ञान का अधिकरण दोनों है। यही उनका चित् स्वरूप है। जिसका अन्त नहीं होता वही अनन्त है। अनन्त ही आनन्द का स्वरूप है। क्योंकि शास्त्र में भूमा को ही सुख माना है। 'यो वै भूमा तत्सुखम्'। इसीलिए गोस्वामी जी ने ब्रह्म की परिभाषा करते हुए कहा—

जो आनन्द सिन्धु सुख रासी। ईश्वर ते त्रैलोक सुपासी।।
सो सुख धाम राम अस नामा। अखिल लोक दायक बिश्रामा।।

—(मानस १/१९७/५,६)

।। इति ब्रह्मानन्दवल्ली का प्रथम अनुवाक सम्पन्न हुआ ।।

।। श्रीराघवः शन्तनोतु ।।

●

।। अथ द्वितीय-अनुवाक ।।

संगति– अब द्वितीय अनुवाक में प्राणपुरुष का वर्णन करते हैं।। श्री ।।

अन्नाद्वै प्रजाः प्रजायन्ते। याः काश्च पृथिवीँ् श्रिताः। अथो अन्नेनैव जीवन्ति। अथैनदपि यन्त्यन्ततः अन्नँ् हि भूतानां ज्येष्ठम्। तस्मात्सर्वौषधमुच्यते। सर्वं वै तेऽन्नमाप्नुवन्ति येऽन्नं ब्रह्मोपासते। अन्नँ् हि भूतानां ज्येष्ठम्। तस्मात्सर्वौषधमुच्यते। अन्नाद् भूतानि जायन्ते। जातान्यन्नेन वर्धन्ते । अद्यतेऽत्ति च भूतानि। तस्मादन्नं तदुच्यत इति। तस्माद्वा एतस्मादन्नरसमयादन्योऽन्यन्तर आत्मा प्राणमयः। तेनैष पूर्णः। स वा एष पुरुषविध एव। तस्य पुरुषविध-तामन्वयं पुरुषविधः। तस्य प्राण एव शिरः। व्यानो दक्षिणः पक्षः। अपान उत्तरः पक्षः। आकाश आत्मा। पृथिवी पुच्छं प्रतिष्ठा। तदप्येष श्लोको भवति ।।१।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– इस पृथ्वी पर जितनी भी चिदचिदात्मक प्रजायें हैं, वे अन्न से ही उत्पन्न होती हैं, वे अन्न से ही जीती हैं। अनततोगत्वा अन्न में ही प्रवेश कर लेती हैं। अन्न सम्पूर्ण भोगों में ज्येष्ठ है। इसलिए इसको सर्व औषधि कहते हैं। जो लोग अन्न की ब्रह्मबुद्धि से उपासना करते हैं, वे सभी भक्ष्य पदार्थों को प्राप्त कर लेते हैं। अन्न से ही प्राणी उत्पन्न होते हैं, अन्न से ही बढ़ते हैं, जो सबको खाता है और सबके द्वारा खाया जाता है वही अन्न कहा जाता है। यहाँ कर्त्ता और कर्म दोनों में 'क्त' प्रत्यय हुआ है। इस अन्नमयपुरुष से यह प्राण रूप आत्मा विलक्षण है। उसी से यह पुरुष पूर्ण है। वह पुरुष के आकार का हैं इसलिए वह पुरुष एक पक्षी की दृष्टि से देखा गया है। प्राण ही उस पक्षी का सिर है। व्यान दाहिना पंख है, अपान बांया पंख है; आकश उसका मध्यभाग है, पृथ्वी उसका पुच्छ भाग है। जिस पर वह टिका हुआ है। इस सम्बन्ध में यह श्लोक प्रसिद्ध है।। श्री ।।

।। इति ब्रह्मानन्दवल्ली का द्वितीय अनुवाक सम्पन्न हुआ ।।

।। श्रीराघवः शन्तनोतु ।।

●

।। अथ तृतीय-अनुवाक ।।

संगति– अब तृतीय अनुवाक में मनोमय पुरुष का वर्णन किया जाता है ।। श्री ।।

प्राणं देवा अनु प्राणन्ति। मनुष्याः पशवश्च ये। प्राणो हि भूतानामायुः। तस्मात् सर्वायुषमुच्यते। सर्वमेव त आयुर्यन्ति ये प्राणं ब्रह्मोपासते। प्राणो हि भूतानामायुः। तस्मात्सर्वायुषमुच्यत इति। तस्यैष एव शरीर आत्मा यः पूर्वस्य। तस्माद्वा एतस्मात्प्राण-मयादन्योऽन्तर आत्मा मनोमयः। तेनैष पूर्णः। स वा एष पुरुषविध एव। तस्य पुरुषविधतामन्वयं पुरुषविधः। तस्य यजुरेव शिरः ऋग्दक्षिणः पक्षः। सामोत्तरः पक्षः। आदेश आत्मा। अथर्वाङ्गिरसः पुच्छं प्रातिष्ठा। तदप्येष श्लोको भवति ।।१।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– इसी प्राण के बल पर सभी देवता और सभी मनुष्य जीते हैं। प्राण ही सम्पूर्ण प्राणियों का आयु है। इसलिए इसे सर्वायुष कहते हैं। वे सम्पूर्ण आयु प्राप्त करते हैं जो प्राण को ब्रह्म मान कर उपासना करते हैं। उस प्राण का भी आकाश ही आत्मा है जो पहले का था। उस प्राण से भी सूक्ष्म और विलक्षण हैं मनोमय आत्मा। वह पुरुष के आकार का है। इसलिए उस मनोमय पक्षी का यजुर्वेद सिर है, ऋग्वेद दाहिना पंख है और सामवेद बांया पंख। श्रुति का आदेश वाक्य ही इसका शरीर है। इस पर भी श्लोक प्रसिद्ध है ।। श्री ।।

।। इति ब्रह्मानन्दवल्ली का तृतीय अनुवाक सम्पन्न हुआ ।।

।। श्रीराघवः शन्तनोतु ।।

●

।। अथ चतुर्थ-अनुवाक ।।

संगति– अब चतुर्थ अनुवाक में मनोमय पुरुष की व्याख्या की जाती है ।। श्री ।।

यतो वाचो निवर्तन्ते। अप्राप्य मनसा सह। आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान्। न बिभेति कदाचनेति। तस्यैष एव शरीर आत्मा यः पूर्वस्य।

तस्माद्वा एतस्मान्मनोमयादन्योऽन्तर आत्मा विज्ञानमयस्तेनैष पूर्णः। स वा एष पुरुषविध एव। तस्य पुरुषविधातामन्वयं पुरुषविधः। तस्य श्रद्धैव शिरः। ऋतं दक्षिणः पक्षः। सत्यमुत्तरं पक्षः। योग आत्मा। महः पुच्छं प्रतिष्ठा। तदप्येष श्लोको भवति।।१।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– जिस प्रभु को न प्राप्त करके मन के सहित सभी वाणियाँ लौट आती हैं ऐसे परब्रह्म परमात्मा के सारभूत आनन्द को जानता हुआ विद्वान् कभी-भी नहीं डरता। इस मनोमय का भी शरीर प्राण शरीर की भाँति ही है। इससे भी विलक्षण है विज्ञानमय आत्मा। वह भी एक पक्षी के समान है। श्रद्धा ही इसका सिर है। ऋत अर्थात् यथाश्रुतभाषण दाहिना पंख, और सत्य यानि यथार्थभाषण बायां पंख और योग ही उसकी (इस विज्ञानमय पक्षी की) आत्मा है। इस पर भी यह श्लोक प्रसिद्ध है॥ श्री॥

।। इति ब्रह्मानन्दवल्ली का चतुर्थ अनुवाक सम्पन्न हुआ ।।

।। श्रीराघवः शन्तनोतु ।।

●

।। अथ पञ्चम-अनुवाक ।।

संगति– अब पंचम अनुवाक में आनन्दमय पुरुष का वर्णन करते हैं। यहाँ यह ध्यान रहे कि— इस वल्ली के प्रथम अनुवाक में अन्नमय पुरुष का, द्वितीय में प्राणमय पुरुष का, तृतीय में मनोमय पुरुष का, चतुर्थ में विज्ञानमय पुरुष का तथा पंचम में आनन्दमय पुरुष का वर्णन किया गया है। इन्हीं को अन्नमय-प्राणमय-मनोमय-विज्ञानमय और आनन्दमय कोष भी कहते हैं॥ श्री॥

विज्ञानं यज्ञं तनुते। कर्माणि तनुतेऽपि च। विज्ञानं देवाः सर्वे। ब्रह्म ज्येष्ठमुपासते। विज्ञानं ब्रह्म चेद्वेद। तस्माच्चेन्न प्रमाद्यति। शरीरे पाप्मनो हित्वा। सर्वान्कामान्समश्नुत इति। तस्यैष एव शरीर आत्मा यः पूर्वस्य। तस्माद्वा एतस्माद्विज्ञानमयादन्योऽन्तर आत्मानन्दमयः। तेनैष पूर्णः। स वा एष पुरुषविध एव। तस्य पुरुषविधतामन्वयं पुरुषविधः।

तस्य प्रियमेव शिरः । मोदो दक्षिणः पक्षः । प्रमोद उत्तरः पक्षः । आनन्द आत्मा । ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा । तदप्येष श्लोको भवति ।।१।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– यहाँ विज्ञान बुद्धि का वाचक है। विज्ञान, यज्ञों का सम्पादन करता है और सभी कर्मों का अनुष्ठान करता है। अर्थात् बुद्धिमान मनुष्य के द्वारा ही यज्ञ तथा कर्मों का सम्पादन किया जाता है इसलिए ब्रह्म अर्थात् वेद ही श्रेष्ठ है जिससे, ऐसे विज्ञान अर्थात् आध्यात्मिक बुद्धि की देवता ब्रह्मबुद्धि से उपासना करते हैं। इसका भी पहले जैसा ही शरीर का आकार होता है। इस विज्ञानमय पुरुष से विलक्षण आनन्दमय आत्मा होता है। यह भी पुरुष के आकार का होता है। अतः यह भी एक पक्षी है। प्रिय इसका सिर है, मोद (प्रसन्नता) इसका दाहिना पंखा है, प्रमोद अर्थात् मनचाही वस्तु के लाभ से उत्पन्न प्रसन्नता इसका बांया पंखा है। आनन्द ही इसका शरीर है और ब्रह्म परमात्मा ही इसकी पूँछ है जिस पर यह टिका हुआ है। इस पर यह श्लोक प्रसिद्ध है।। श्री ।।

यहाँ यह ध्यान रहे कि एक ही प्रत्यगात्मा के पाँच वेष हैं। दिन में रहता हुआ भी यह अपने स्वरूप को नहीं छोड़ता। पुरुषार्थवादी होने से पुरुष कहा गया है और श्रुति ने जीवात्मा की पुरुष जैसी आकृति भी कही है। अतः पाँचों अनुवाकों में इसे पुरुष विधि शब्द से विशेषित किया गया है। वैदिक धर्म से विरुद्ध कुछ सन्तमत में आत्मा को नारी स्वरूप माना गया है। कदाचित् उसी से प्रभावित होकर संत कबीर ने भी आत्मजीव को नारी कहा— 'हरि मोर पिउ मैं राम की बहुरिया'। सूफी संतों ने आत्मा को प्रेमी और परमात्मा को प्रेमिका (महबूबा) कह कर एक नया ही बखेड़ा खड़ा किया। शंकराचार्य ने आत्मा को ब्रह्मरूप मान कर उसे निष्क्रिय, निधर्म, निर्विशेष आदि कह कर इस विचारे आत्मा को या तो शून्य या तो नपुंसक मान लिया। इसी के परिणाम स्वरूप सारा भारत देश पुरुषार्थहीन और नपुंसक होकर रह गया। दो हजार वर्षों तक विदेशी आक्रमणों से पिसता रहा। यदि ठीक से उपनिषदों का अध्ययन किया गया होता तो यह दुर्दशा न होती। क्योंकि उपनिषदों तथा गीता में जीवात्मा को एक पुरुषार्थवादी, पूर्णपुरुष, अमृत का पुत्र परमात्मा परमात्मा का सनातन अंश तथा परमपराक्रमी महाराज के रूप में माना है। इसीलिए गीता में भगवान्

कृष्ण अर्जुन से कहते हैं— 'क्लैव्यं मास्मगमः पार्थ' (गीता- २/३) अर्थात् हे पार्थ! तुम नपुंसक न बनो। रामचरित मानस में श्री लक्ष्मण जी भी यही कहते हैं—

कादर मन कहुँ एक अधारा। दैव-दैव आलसी पुकारा।।

अतः अन्नमय, प्राणमय, विज्ञानमय, मनोमय ये चार रूप आत्मा के बहिरंग हैं परन्तु आनन्द आत्मा का अन्तरंग रूप है। जैसे कोई भद्र व्यक्ति पाँच कुर्ते पहने हो ठीक उसी प्रकार यह जीवात्मा भी इन पाँच कोषों को कौषेय रूप में पहने रहता है। भगवद् भक्ति की महिमा से इन पाँच रूप कौषेयों को समाप्त करके, भगवत् कृपा प्रेम पट को धारण कर, यह दास्य नामक अपने स्वरूप को प्राप्त कर लेता है। इसीलिए भागवत में कपिलदेव देवहूति से कहते हैं— अनिमित्ता भागवती भक्तिः सिद्धेः गरीयसी, जरयत्याशु वयकोषान् निदीर्णमनलो यथा।। अर्थात् निःस्वार्थ भगवान् की भक्ति मोक्ष से भी श्रेष्ठ है। जिस प्रकार जठराग्नि भोजन को पचा देती है उसी प्रकार भगवद् भक्ति अन्नमयादि सभी कोषों को जला देती है।। श्री।।

।। इति ब्रह्मानन्दवल्ली का पञ्चम अनुवाक सम्पन्न हुआ।।

।। श्रीराघवः शन्तनोतु।।

●

।। अथ षष्ठ-अनुवाक ।।

संगति– अब ब्रह्म के विज्ञान और अज्ञान का फल कह रहे हैं।। श्री।।

असन्नेव स भवति। असद्ब्रह्मेति वेद चेत्। अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद। सन्तमेनं ततो विदुरिति। तस्यैष एव शरीर आत्मा यः पूर्वस्य। अथातोऽनुप्रश्नाः। उताविद्वानमुं लोकं प्रेत्य कश्चन गच्छती ३। आहो विद्वानमुं लोकं प्रेत्य कश्चित्समश्नुता ३ उ। सोऽकामयत। बहु स्यां प्रजायेयेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा इद ँ सर्वमसृजत यदिदं किञ्च। तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्। तदनुप्रविश्य सच्च त्यच्चाभवत्। निरुक्तं चानिरुक्तं च। निलयनं चानिलयनं च विज्ञानं चाविज्ञानं च।

सत्यं चानृतं च सत्यमभवत्। यदिदं किंच। सत्सत्यमित्याचक्षते। तदप्येष श्लोको भवति ।।१।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– जो 'ब्रह्म नहीं है' ऐसा जानता है, वह स्वयं असन अर्थात् दुष्ट हो जाता है। जो 'ब्रह्म है' ऐसा जान कर उपासना करता है, उसे संत मान कर सभी उसकी उपासना करते हैं। उस आनन्दमय आत्मा का पूर्ववत् शरीर होता है। अब यहाँ तीन प्रश्न उपस्थित होते हैं। क्या ब्रह्म नहीं है? यदि है तो वह व्यापक है या व्याप्त? यदि व्यापक है, तो उसे जान कर विद्वान् इस लोक से कहाँ जाता है? और न जानने वाला क्या इसी लोक में रहता है? इसी का यहाँ अनुवाद कर रहे हैं। क्या ब्रह्म को न जानने वाला कोई इस लोक से परलोक जाता है? अथवा क्या ब्रह्म जान कर व्यक्ति इसी लोक में कामनाओं को भोगता है? इन प्रश्नों का बहुत विलक्षणता से उत्तर दे रहे हैं।। श्री ।।

एक बार परमात्मा ने कामना की, 'मैं अन्तर्यामी रूप में बहुत हो जाऊँ। और कार्य ब्रह्म रूप में प्रकृष्ट रूप से जन्म लूँ। अर्थात् जीवों के भोग्य शरीरों का निर्माण कर प्रकृष्ट रूप से जन्म लूँ। जिससे प्रत्येक शरीर में जीवात्मा के साथ रह सकूँ।' परमात्मा ने तप किया अर्थात् दिव्य ज्ञान से पूर्वकल्प की सृष्टि का चिन्तन किया। तप करके चिदचिदात्मक इस समस्त संसार की रचना की। इस जगत् की रचना करके इसी की अनुकूलता से इसी में प्रवेश किया। इस जगत् में प्रवेश करके प्रभु सत्, पृथ्वी, जल, तेज, एवं सच्च वायु, आकाश रूप में परिणत हो गये। उसी प्रकार चिदंश से निरुक्त अर्थात् स्थूल और अचिदंश से अनिरुक्त अर्थात् नाम रूप से रहित, चिदंश से निलयन प्रवेश करने योग्य, अचिदंश से अनिलयन अर्थात् अखण्ड न प्रवेश करने योग्य, सत्य और अमृत इस प्रकार सब में प्रवेश करके वह सत्य स्वरूप परमात्मा सब कुछ हो गये। इस पर एक श्लोक भी प्रसिद्ध है।। श्री ।।

।। इति ब्रह्मानन्दवल्ली का षष्ठ अनुवाक सम्पन्न हुआ ।।

।। श्रीराघवः शन्तनोतु ।।

●

।। अथ सप्तम-अनुवाक ।।

संगति– अब फिर सृष्टि कर्म का अभ्यास कर रहे हैं।। श्री ।।

असद्वा इदमग्र आसीत्। ततो वै सदजायत। तदात्मान ँ् स्वयमकुरुत। तस्मात्तत्सुकृतमुच्यत इति। यद्वैतत्सुकृतं रसो वै सः। रस ँ् ह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवति। को ह्येवान्यात्कः प्राण्याद् यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्। एष ह्येवानन्दयति। यदा ह्येवैष एतस्मिन्नदृश्येऽनात्म्येऽनिरुक्तेऽनिलयनेऽभयं प्रतिष्ठां विन्दते। अथ सोऽभयं गतो भवति। यदा ह्येवैष एतास्मिन्नुदरमन्तरं कुरुते। अथ तस्य भयं भवति। तत्त्वेव भयं विदुषोऽमन्वानस्य। तदप्येष श्लोको भवति ।।१।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– सृष्टि के पहले यह जीव 'असत्' अर्थात् अव्याकृत नाम रूप वाला और अकाररूप वासुदेव में 'सत्' यानी विराजमान था। सृष्टि के समय उन्हीं परमात्मा से सद्रूप जीव, जगत् उत्पन्न हुआ। इसके अनन्तर परमात्मा ने अपने को ही नाना रूप में बनाया। अर्थात् अपने अचित् शरीर में ही जगत् का परिणाम प्रस्तुत किया। इसलिए यह रचना बहुत सुन्दर हुई। लोग इसे सुकृति कहते हैं। वह परमात्मा रसस्वरूप है। अर्थात् वह जगत् का आनन्द है, जगत् का बल है और जगत् का सारसर्वस्व है। इसी रस परमात्मा को प्राप्त करके यह जीव आनन्द युक्त हो जाता है। यदि आकाश के समान व्यापक यह आनन्द रूप परमात्मा न होते तो यह जीव कैसे स्वास लेता और कैसे सुख से जी सकता। यही परमात्मा सबको आनन्दित करते हैं। जब यह जीवात्मा सामान्य नेत्रों से न देखे जाने योग्य तथा सामान्य वाणी से न कहने योग्य एवं सामान्य लोगों द्वारा न प्रवेश करने योग्य इस परमात्मा में प्रतिष्ठा प्राप्त कर लेता है, तब वह अभ्यपद को प्राप्त हो जाता है। जो इस ब्रह्म में थोड़ा-सा भी अन्तर मान कर पेट में छुपायी हुई वस्तु की भाँति कुछ छिपाता है और अपने को भगवान् से अलग मान लेता है, उसके जीवन में बहुत भय आ जाता है। उस परमात्मा से भय मानने वाले के प्रति यह श्लोक प्रसिद्ध है।। श्री ।।

व्याख्या– इस मन्त्र में 'तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्रविशत्' वाक्यखण्ड से ब्रह्म को जागत् का रचियता कहा गया है और 'तदात्मानं स्वमकुरुत' अर्थात् प्रभु ने स्वयं अपने को बनाया इस मंत्र खण्ड से श्रुति ने जगत्

को परमेश्वर का परिणाम सिद्ध किया। अर्थात् प्रभु ने अपनी प्रकृतिरूप शरीर को ही जगत् के रूप में बदला इससे अद्वैतवादियों का विवर्तवाद अपने आप समाप्त हो गया ।। श्री ।।

।। इति ब्रह्मानन्दवल्ली का सप्तम अनुवाक सम्पन्न हुआ ।।

।। श्रीराघवः शन्तनोतु ।।

•

।। अथ अष्टम-अनुवाक ।।

संगति– अब परमात्मा के अज्ञान में भय और परमात्मा के ज्ञान में अभय का वर्णन करते हैं ।। श्री ।।

भीषाऽस्माद्वातः पवते। भीषोदेति सूर्यः। भीषाऽस्मादग्निश्चेन्द्रश्च। मृत्युर्धावति पञ्चम इति। सैषाऽऽनन्दस्यमीमा ँसा भवति। युवा स्यात्सा-धुयुवाध्यापक आशिष्ठो द्रढिष्ठो बलिष्ठस्तस्येयं पृथिवी सर्वा वित्तस्य पूर्णा स्यात्। स एको मानुष आनन्दः। ते ये शतं मानुषा आनन्दाः ।।१।।

स एको मनुष्यगन्धर्वाणामानन्दः। श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ते ये शतं मनुष्यगन्धर्वाणामानन्दाः। स एको देवगन्धर्वाणामानन्दः। श्रोत्रि-यस्य चाकामहतस्य च ते ये शतं देवगन्धर्वाणामानन्दाः। स एकः पितृणां चिरलोकलोकानामानन्दः। श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ये ते शतं पितृणां चिरलोकलोकानामानन्दाः। स एक आजानजानां देवानामानन्दः ।।२।।

श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ते ये शतमाजानजानां देवानामानन्दाः। स एकः कर्मदेवानां देवानामानन्दः। ये कर्मणा देवानपियन्ति। श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ते ये शतं कर्मदेवानां देवानामानन्दाः। स एको देवानामानन्दः। श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ते ये शतं देवानामानन्दाः। स एक इन्द्रस्यानन्दः ।।३।।

श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ते ये शतमिन्द्रस्यानन्दाः। स एको बृहस्पतेरानन्दः। श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ते ये शतं बृहस्पतेरानन्दाः।

स एकः प्रजापतेरानन्दः। श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ते ये शतं प्रजापतेरानन्दः। स एको ब्राह्मण आनन्दः। श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य ।।४।।

स यश्चायं पुरुषे यश्चासावादित्ये स एकः स य एवं विदस्माल्लोकात्प्रे-त्य। एतमन्नमयमात्मानमुपसंक्रामति। एतं प्राणमयमात्मानमुपसंक्रामति। एतं मनोमयमात्मानमुपसंक्रामति। एतं विज्ञानमयमात्मानमुपसंक्रामति। एतमानन्दमयमात्मानमुपसंक्रामिति। तदप्येष श्लोको भवति ।।५।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– भगवान् के भय से वायु बहता है। भगवान् के भय से सूर्य नारायण उदित होते हैं। भगवान् के भय से अग्नि प्रज्जवलित होते हैं। भगवान् के भय से इन्द्र वर्षा करते हैं और भगवान् के भय से इनमें से पाँचवाँ मृत्यु दौड़ता रहता है। वह इस प्रकार आनन्द की मीमांसा है, अर्थात् सर्वत्र आनन्द सापेक्ष और परमात्मा का आनन्द निरपेक्ष है। जो परमेश्वर को जान लेता है वह युवक, साधु, अध्यापक, स्वस्थ्य और बलिष्ठ बन जाता है। सारी पृथ्वी उसके वश में आ जाती है। यह एक मनुष्य का आनन्द है। ऐसे सौ मनुष्यों के आनन्दों के बराबर एक मनुष्य गन्धर्व का आनन्द होता है। वह निष्काम ब्रह्मज्ञ को प्राप्त होता है। ऐसे वे सौ मनुष्य गन्धर्वों का आनन्द जितना सुख देते हैं उतना एक देव गन्धर्व का आनन्द सुखद होता है, वह भी ब्रह्मवेत्ता को प्राप्त हो जाता है। इस प्रकार सैकड़ों देव-गंधर्वों के आनन्द के समान चिरलोक लोक निवासी पितरों का एक आनन्द होता है। वह भी ब्रह्मज्ञ को सुलभ हो जाता है। ऐसे पितरों के सैकड़ों आनन्द अजानज देवताओं के एक आनन्द के समान होते हैं। वह आनन्द भी ब्रह्मवेत्ता को प्राप्त हो जाता है। ऐसे आजानज देवताओं के सौ आनन्द ही कर्म देवताओं का एक आनन्द होता है। वह भी निष्काम श्रोत्रिय को प्राप्त हो जाता है। कर्म देवों के जो सौ आनन्द है वही देवताओं का एक आनन्द है। वह भी ब्रह्मज्ञ को सुलभ है। देवताओं के सौ आनन्दों के समान इन्द्र का एक आनन्द है। उसे भी ब्रह्मज्ञ प्राप्त कर लेता है। इन्द्र के सौ आनन्दों के जितना बृहस्पति का एक आनन्द होता है । वह भी निष्काम श्रोत्रिय को हस्तगत रहता है। बृहस्पति के सौ आनन्द के बराबर प्रजापति

का एक आनन्द है, वह भी कामनाओं के बराबर प्रजापति का एक श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ को उपलब्ध है। प्रजापति के जो सौ आनन्द है वही ब्रह्मा का एक आनन्द है, वह भी ब्रह्मनिष्ठ श्रोत्रिय को हस्तगत हो जाता है। वह श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ मनुष्य से लेकर ब्रह्म पर्यन्त आनन्दों का इसलिए अधिकारी होता है क्योंकि वह ब्रह्मवेत्ता है। जो पुरुष मनुष्य के दक्षिण नेत्र में हैं वही सूर्य नारायण के मण्डल में है। इस प्रकार जो जानता है वह शरीर त्यागकर इस लोक से परलोक जाता हुआ अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय कोषों को भी लाँघ जाता है॥ श्री॥

॥ इति ब्रह्मानन्दवल्ली का अष्टम अनुवाक सम्पन्न हुआ॥

॥ श्रीराघवः शन्तनोतु॥

●

॥ अथ नवम-अनुवाक॥

संगति– अब ब्रह्माजी की महिमा का वर्णन करते हैं॥ श्री॥

यतो वाचा निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह। आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न बिभेति कुतश्चनेति। एत ँ ह वाव न तपति। किमह ँ साधु नाकरवम्। किमहं पापमकरवमिति। स य एवं विद्वानेते आत्मान ँ स्पृणुते। उभे ह्येवैष एते आत्मन ँ स्पृणुते। य एवं वेद। इत्युपनिषत्॥१॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– जिस परमात्मा को बिना प्राप्त किये ही मन के सहित वाणियाँ लौट आती हैं, उस ब्रह्म सम्बन्धी आनन्द को जानता हुआ ब्रह्मवेत्ता किसी से भी नहीं डरता। मैंने क्या अच्छा किया, क्या अच्छा नहीं किया? यह विचार उसको कष्ट नहीं देते। शुभ और अशुभ दोनों ही ब्रह्मवेत्ता को प्रसन्न करते रहते हैं। यही उपनिषद् तथा रहस्यविद्या है॥ श्री॥

॥ इति तैत्तिरीय उपनिषद् की ब्रह्मानन्दवल्ली पर
श्रीराघवकृपाभाष्य सम्पन्न हुआ॥

॥ श्रीराघवः शन्तनोतु॥

●

।। अथ भृगुवल्ली ।।

शान्तिपाठ

भृगुवल्ली का भी– ॐ । सहनाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै । तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै । ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः । शांतिपाठ है । जिसकी व्याख्या हम कर चुके हैं ।। श्री ।।

।। अथ प्रथम-अनुवाक ।।

संगति– अब भृगुवल्ली में ब्रह्म के तटस्थ लक्षण की मीमांसा की जा रही है । लक्षण दो होते हैं— स्वरूप लक्षण तथा तटस्थ्य लक्षण । जहाँ किसी के स्वरूप का वर्णन करके लक्षण किया जाय उसे स्वरूपलक्षण कहते हैं । जैसे दशरथ पुत्र राम श्यामवर्ण के हैं, धनुर्बाण धारण करते हैं । वत्स पर श्रीवत्सलाञ्छन हैं । सिर पर कनककिरीट तथा गले में वैजन्ती माला एवं कटितट पर पीताम्बर है । तटस्थ्य लक्षण वह है जहाँ असाधारण धर्म से लक्षण किया जाय । जैसे 'गन्धवत्वं पृथिव्या लक्षणम् ।' ब्रह्म का स्वरूप लक्षण तैत्तिरीय उपनिषद् के ब्रह्मानन्दवल्ली के प्रथम अनुवाक् में किया गया । 'कारणत्व' ब्रह्म का तटस्थ्य लक्षण है । यह और किसी में नहीं है । क्योंकि असाधारण धर्म को लक्षण कहते हैं । 'असाधारणधर्मो लक्षणम् ।। श्री ।।

भृगुर्वै वारुणिः पितरमुपससार अधीहि भगवो ब्रह्मेति । तस्मा एतत्प्रोवाच । अन्नं प्राणं चक्षुः श्रोत्रं मनो वाचमिति । त ँ होवाच । यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते । येन जातानि जीवन्ति । यत्प्रयन्त्यभिसंवि-शन्ति । तद्विजिज्ञासस्व । तद् ब्रह्मेति । स तपोऽतप्यत । स तपस्तप्त्वा ।।१।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– वरुण महर्षि के पुत्र भृगु अपने पिता वरुण के पास आये । प्रणाम करके बोले— भगवन् मुझे ब्रह्म का उपदेश कीजिए । वरुण ने शाखाचन्द्र न्याय से भृगु से कहा— अन्न, प्राण, नेत्र, श्रवण, मन और वाणी ये ब्रह्म हैं अर्थात् इनमें ब्रह्म बुद्धि करो । पिता के इस वाक्य से भृगु को संतोष नहीं हुआ । तब वरुण ने भृगु को निश्चयपूर्वक तटस्थ्य लक्षण बताया— हे पुत्र ! निश्चय से जिस ब्रह्म के पास से ये

प्राणी जन्म लेते हैं और जन्म लेकर जिसकी कृपा से जीते हैं तथा शरीर त्याग कर जिसमें प्रविष्ट हो जाते हैं, उसी की विशिष्टाद्वैत पद्धति से जिज्ञासा करो और उसी का विशिष्टाद्वैत के विचार करो। वह (जगत् के जन्म, पालन, प्रलय का कारण) ही ब्रह्म है। यह सुनकर भृगु ने तप अर्थात् विचार किया और विचार करके फिर पिता के पास आये ।। श्री ।।

।। इति भृगुवल्ली का प्रथम अनुवाक सम्पन्न हुआ ।।

।। श्रीराघवः शन्तनोतु ।।

●

।। अथ द्वितीय-अनुवाक ।।

संगति– अब फिर भृगु की जिज्ञासा का तारतम्य कहते हैं ।। श्री ।।

अन्नं ब्रह्मेति व्यजानात्। अन्नाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। अन्नेन जातानि जीवन्ति। अन्नं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति। तद्विज्ञाय पुनरेव वरुणं पितरमुपससार। अधीहि भगवो ब्रह्मेति। तँ्होवाच। तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व। तपो ब्रह्मेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा ।।१।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– अब भृगु ने 'अन्न ही ब्रह्म है' ऐसा निश्चय किया, क्योंकि पिता जी ने ब्रह्म के जो लक्षण कहे वे अन्न में सब घटते हैं। अन्न से जीव जन्म लेते हैं। अन्न से जीते हैं और अन्त में अन्न में प्रवेश कर जाते हैं। इस प्रकार जान कर भृगु फिर वरुण के पास आये और बोले— भगवन्! अब मुझे ब्रह्म का उपदेश दीजिए। वरुण ने कहा— पुत्र! तप से ब्रह्म की जिज्ञासा करो। तप ही ब्रह्म की प्राप्ति का साधन है। अर्थात् तपस्या करके एकान्त में मेरे कहे हुए लक्षण को घटाओ। भृगु ने फिर तप किया और तप करके क्या निर्णय किया इस पर कहते हैं ।। श्री ।।

।। इति भृगुवल्ली का द्वितीय अनुवाक सम्पन्न हुआ ।।

।। श्रीराघवः शन्तनोतु ।।

●

।। अथ तृतीय-अनुवाक ।।

प्राणो ब्रह्मेति व्यजानात्। प्राणाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। प्राणेन जातानि जीवन्ति। प्राणं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति। तद्विज्ञाय पुनरेव वरुणं पितरमुपससार। अधीहि भगवो ब्रह्मेति। त ँ् होवाच। तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व तपो ब्रह्मेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा ।।१।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– तपस्या करके भृगु ने निश्चय किया कि प्राण ही ब्रह्म है। क्योंकि इसमें जगज्जन्मादिकारणत्व घट रहा है। प्राण से ही प्राणी जन्म लेता है। प्राण से ही जीते हैं अन्त में प्राण में ही प्रवेश करते हैं। ऐसा जान कर भृगु अपने पिता वरुण के पास फिर आये और बोले— भगवन्! मुझे ब्रह्म का उपदेश दीजिए। वरुण ने फिर कहा— जाओ तपस्या करके ब्रह्म का विचार करो। तप ही ब्रह्म है। भृगु ने पुनः तप किया और तप करके कुछ निश्चय किया।। श्री ।।

।। इति भृगुवल्ली का तृतीय अनुवाक सम्पन्न हुआ ।।

।। श्रीराघवः शन्तनोतु ।।

●

।। अथ चतुर्थ-अनुवाक ।।

संगति– फिर भृगु की जिज्ञासा कहते हैं।। श्री ।।

मनो ब्रह्मेति व्यजानात्। मनसो ह्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। मनसा जातानि जीवन्ति। मनः प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति। तद्विज्ञाय पुनरेव वरुणं पितरमुपससार। अधीहि भगवो ब्रह्मेति। त ँ् होवाच। तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व। तपो ब्रह्मेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा ।।१।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– फिर भृगु ने तप करके मन में ही जगज्जन्मादिकारणत्व का संगमत्व करके 'मन ही ब्रह्म है' ऐसा निश्चय किया। क्योंकि मन से ही प्राणी जन्म लेते हैं, मन से ही जीते हैं और अन्त में मन से ही प्रवेश कर लेते हैं। यह जान कर भृगु पिता के पास आये और मन को ही ब्रह्म बताया। कहा— भगवन् और ब्रह्म का उपदेश दीजिए।

वरुण ने कहा— फिर तपस्या करके ब्रह्म की जिज्ञासा करो। तप ही ब्रह्म है। भृगु ने फिर तपस्या की। और विचार करके निश्चय किया॥ श्री॥

॥ इति भृगुवल्ली का चतुर्थ अनुवाक सम्पन्न हुआ ॥

॥ श्रीराघवः शन्तनोतु ॥

●

॥ अथ पंचम-अनुवाक ॥

संगति– फिर भृगु की जिज्ञासा का क्रम कह रहे हैं॥ श्री॥

विज्ञानं ब्रह्मेति व्यजानात्। विज्ञानाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। विज्ञानेन जातानि जीवन्ति। विज्ञानं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति। तद्विज्ञाय पुनरेव वरुणं पितरमुपससार। अधीहि भगवो ब्रह्मेति। तँ होवाच। तपसा ब्रह्मविजिज्ञासस्व। तपो ब्रह्मेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा॥१॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– भृगु ने तपस्या करके विज्ञान अर्थात् जीवात्मा में ही पिता के कहे हुए ब्रह्म लक्षणों को घटाया। क्योंकि विज्ञान अर्थात् जीवात्मा अथवा बुद्धि से ही प्राणी का जन्म होता है। विज्ञान से ही प्राणी जीते हैं, विज्ञान में ही प्रलयकाल में प्रवेश करते हैं। इस प्रकार विज्ञान में जगज्जन्मादिकारणत्व को संगत करके भृगु पिता वरुण के पास फिर आये और बोले— भगवन् मैंने तो आपका ब्रह्मलक्षण विज्ञान में घटा लिया। यदि और कुछ हो तो ब्रह्म का उपदेश दीजिए। तब वरुण ने कहा— वत्स तप से ब्रह्म की जिज्ञासा करो। तप ही ब्रह्म की प्राप्ति का साधन है। भृगु ने फिर तप किया और तप करके अन्तिम निश्चय किया। क्योंकि सिद्धान्त वही होता है जिसके पश्चात् मन स्वयं ही निःसन्देह हो जाय और कोई जिज्ञासा न रह जाय॥ श्री॥

॥ इति भृगुवल्ली का पञ्चम अनुवाक सम्पन्न हुआ ॥

॥ श्रीराघवः शन्तनोतु ॥

●

।। अथ षष्ठ-अनुवाक ।।

संगति– अब वारुणीविद्या का उपसंहार करते हैं।। श्री ।।

आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्। आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। आनन्देन जातानि जीवन्ति। आनन्दं प्रत्यभिसंविशन्तीति। सैषा भार्गवी वारुणी विद्या परमे व्योमन् प्रतिष्ठिता। य स एवं वेद प्रतितिष्ठति। अन्नवानन्नादो भवति। महान् भवति, प्रजया पशुभिर्ब्रह्म-वर्चसेन। महान् कीर्त्या ।।१।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– भृगु ने तपस्या करके गम्भीर विचार से 'आनन्द ही ब्रह्म है' ऐसा जान लिया और पिता के कहे हुए जगज्जन्मादि-कारणत्व को आनन्द ब्रह्म में ही पूर्णरूप से संगत कर लिया। क्योंकि आनन्द से ही ये सभी प्राणी निश्चयपूर्वक जन्म लेते हैं, आनन्द से ही जीवन धारण करते हैं, शरीर का त्याग करके प्रयाण करते हुए आनन्द में ही प्रवेश करते हैं। इस प्रकार— 'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते' इत्यादि ब्रह्मलक्षण आनन्दरूप में ठीक-ठीक संगत हो गया। फिर भृगु की जिज्ञासा शान्त हो गयी और फिर वे अपने पिता वरुण के पास नहीं गये। वह यही भार्गवी वारुणी विद्या परमव्योम परमात्मा के साकेतलोक में प्रतिष्ठित हैं। जो साधक इसे इस प्रकार जानता है वह 'अन्नवान्' अन्न देने वाला प्रजा, पशु और ब्राह्मण तेज से महान् होता है तथा कीर्ति से भी महान् हो जाता है।। श्री ।।

।। इति भृगुवल्ली का षष्ठ अनुवाक सम्पन्न हुआ ।।

।। श्रीराघवः शन्तनोतु ।।

●

।। अथ सप्तमोऽनुवाक ।।

संगति– अब अन्न की प्रसंशा करते हैं।। श्री ।।

अन्नं न निन्द्यात्। तद्व्रतम् प्राणो वा अन्नम्। शरीरमन्नादम्। प्राणे शरीरं प्रतिष्ठितम्। शरीरे प्राणः प्रतिष्ठितः। तदेतदन्नमन्ने प्रतिष्ठितम्। स य एतदन्नमन्ने प्रतिष्ठितं वेद प्रतितिष्ठति। अन्नवानन्नादो भवति। महान् भवति प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेन। महान् कीर्त्या ।।१।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– अन्न की निन्दा नहीं करनी चाहिए। उसे

भगवद्बुद्धि से पा लेना चाहिए। यह एक व्रत है। प्राण ही अन्न है। शरीर अन्न खाता है। प्राण शरीर में और शरीर प्राण में प्रतिष्ठित है। जो ऐसा जानता है वह प्रजा, पशु, ब्रह्मतेज और कीर्ति से महान् हो जाता है॥ श्री॥

॥ इति भृगुवल्ली का सप्तम अनुवाक सम्पन्न हुआ॥

॥ श्रीराघवः शन्तनोतु॥

●

॥ अथ अष्टम-अनुवाक॥

संगति– अब अन्न के परिहरण का निषेध करते हैं॥ श्री॥

अन्नं न परिचक्षीत। तद् व्रतम्। आपो वा अन्नम्। ज्योतिरन्नादम्। अप्सु ज्योतिः प्रतिष्ठितम्। ज्योतिष्यापः प्रतिष्ठिताः। तदेतदन्नमन्ने प्रतिष्ठितम्। स य एतदन्नमन्ने प्रतिष्ठितं वेद प्रतितिष्ठति। अन्नवानन्नादो भवति। महान्भवति प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेन। महान्कीर्त्या॥१॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– आये हुए अन्न को हेय दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। प्रायः भोजन, वस्त्र कटोरे या थाली से ढक कर लाना चाहिए। क्योंकि जल ही अन्न है और ज्योति ही अन्न भक्षक। दोनों एक दूसरे में प्रतिष्ठित हैं। जो ऐसा जानता है वह प्रजा, पशु और ब्रह्मतेज से सम्पन्न होता है॥ श्री॥

॥ इति भृगुवल्ली का अष्टम अनुवाक सम्पन्न हुआ॥

॥ श्रीराघवः शन्तनोतु॥

●

॥ अथ नवम-अनुवाक॥

संगति– अब श्रुति अन्नोत्पादन का विधेयत्व प्रतिपादित करती है॥ श्री॥

अन्नं बहु कुर्वीत। तद्व्रतम्। पृथिवी वा अन्नम्। आकाशो-ऽन्नादः। पृथिव्यामाकाशः प्रतिष्ठितः। आकाशे पृथिवी प्रतिष्ठिता। तदेतदन्नमन्ने प्रतिष्ठितम्। स य एतदन्नमन्ने प्रतिष्ठितं वेद प्रतितिष्ठति। अन्नवानन्नादो भवति। महान् भवति प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेन। महान् कीर्त्या॥१॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– अन्न का उत्पादन बहुत करना चाहिए।

क्योंकि पृथ्वी अन्न है और आकाश अन्नाद्। दोनों एक दूसरे में प्रतिष्ठित हैं। जो अन्न में अन्न को प्रतिष्ठित जानता है, वह प्रतिष्ठित होता है। और प्रजा, पशु, ब्रह्मतेज तथा कीर्ति से महान् बनता है। यहाँ श्रुति अपनी त्रिकालज्ञता का परिचय दे रही है। उन्हें बहुत पहले ज्ञात हो चुका था कि आगे चल कर भारत की जनसंख्या अरब के ऊपर जायेगी। इससे अन्न का उत्पादन बहुत अपेक्षित होगा ।। श्री ।।

।। इति भृगुवल्ली का नवम अनुवाक सम्पन्न हुआ ।।

।। श्रीराघवः शन्तनोतु ।।

●

।। अथ दशम-अनुवाक ।।

न कंचन वसतौ प्रत्याचक्षीत । तद्व्रतम् । तस्माद्यया कया च विधया वह्वन्नं प्राप्नुयात् । अराध्यस्मा अन्नमित्याचक्षते । एतद्वै मुखतोऽन्न ँ् राद्धम् । मुखतोऽस्मा अन्न ँ् राध्यते । एतद् वै मध्यतोऽन्न ँ् राद्धम् । मध्यतोऽस्मा अन्न ँ् राध्यते । एतद्वा अन्ततोऽन्न ँ् राद्धम् । अन्ततोऽस्मा अन्न-ँ् राध्यते ।।१।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– अपने घर में भोजन करते हुए किसी को मना नहीं करना चाहिए। जिस किसी विधि से सम्भव हो अन्न का बहुत उत्पादन करना चाहिए। क्योंकि आये हुए प्रत्येक व्यक्ति को भोजन देना यह गृहस्थ का व्रत है। अन्न को प्रसन्न करना चाहिए। ऐसा महापुरुष कहते हैं। यह मुख से सन्तुष्ट किया हुआ अन्न मुख से ही सन्तुष्ट हो सकता है। अर्थात् बहुत चपर-चपर करके भोजन नहीं करना चाहिए। अन्न देवता को मध्य भाग से प्रसन्न करना चाहिए। अर्थात् पेट में इतना नहीं डाल देना चाहिए कि जिससे अपान वायु और उदानवायु की झड़ी लग जाय और अजीर्ण हो जाय। अन्त में भी भोजन को प्रसन्न करना चाहिए अर्थात् इतना नहीं खा लेना चाहिए कि बार-बार दीर्घशंका ही जाना पड़े। इसकी आध्यात्मिक व्याख्या यह है कि— भोजन के प्रारम्भ में भगवान् का स्मरण तथा भोजन के मध्य तथा भोजन के अन्त में भगवान् का स्मरण करना चाहिए। आज भी हमारे रामानन्दीय वैष्णव साधुओं की परम्परा में प्रसाद के प्रारम्भ में श्री सीताराम का कीर्तन, प्रसाद के मध्य में श्री सीताराम का गर्जन और प्रसाद के अन्त में श्री सीताराम नाम का उच्चारण होता है ।। श्री ।।

य एवं वेद। क्षेम इति वाचि। योगक्षेम इति प्राणापानयोः। कर्मेति हस्तयोः। गतिरिति पादयोः। विमुक्तिरिति पायौ। इति मानुषीः समाज्ञाः। अथ दैवीः। तृप्तिरिति वृष्टौ। बलमिति विद्युति ॥२॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– अब मानुषी देवी समाज्ञाओं का वर्णन करते हैं। जो इस प्रकार अपने घर में आये हुए प्रत्येक व्यक्ति को भोजन देता है, क्षेम उसकी वाणी में रहता है अर्थात् वह अपनी वाणी से ही प्राप्त वस्तु की रक्षा कर लेता है। योग और क्षेम उसके प्राण और अपान में रहते हैं। उसके कर्म में गति होती है और उसकी पायु में संसारमल की विमुक्ति होती है। यह मानुषी समाज्ञायें हैं। उसको मेघ की वृष्टि से तृप्ति मिलती है और बिजली के चमकने से उसे बल की प्राप्ति होती है। ये दैवी चमत्कार भी उस महापुरुष में आ जाते हैं॥ श्री ॥

यश इति पशुषु ज्योतिरिति नक्षत्रेषु। प्रजातिरमृतमानन्द इत्युपस्थे। सर्वमित्याकाशे। तत्प्रतिष्ठेत्युपासीत। प्रतिष्ठावान् भवति। तन्मह इत्युपासीत। महान् भवति। तन्मन इत्युपासीत। मानवान् भवति ॥३॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– उसको पशुओं में यश, नक्षत्र में ज्योति एवं उपस्थ में प्रजा आनन्द और ब्रह्मचर्य रूप अमृत आकाश में, सब कुछ प्राप्त हो जाता है। प्रतिष्ठा के पूजा करने से प्रतिष्ठा और सम्मान करने से मान मिलता है॥ श्री ॥

तन्नम इत्युपासीत। नम्यन्तेऽस्मै कामाः। तद्ब्रह्मेत्युपासीत। ब्रह्मवान् भवति। तद्ब्रह्मणः परिमर इत्युपासीत। पर्येण म्रियन्ते द्विषन्तः सपत्नाः। परि येऽप्रिया भ्रातृव्याः। स यश्चायं पुरुषे यश्चासावादित्ये स एकः ॥४॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– नमस्कार शक्ति की उपासना करनी चाहिए जिससे साधक को सभी कामनायें नमन करने लगती हैं। ब्रह्म की उपासना करनी चाहिए जिससे साधक ब्रह्मवान् अर्थात् भगवत् कृपापात्र बन जाता है। ब्रह्म के परिमर अर्थात् संहारशक्ति की उपासना करनी चाहिए जिससे शत्रु बने हुए भ्रातृव्य और काम क्रोधादि शीघ्र मर जाते हैं॥ श्री ॥

संगति– अब श्रुति फलश्रुति का वर्णन करती हैं॥ श्री ॥

स य एवंवित्। अस्माल्लोकात्प्रेत्य। एतमन्नमयमात्मानमुपसंक्रम्य। एतं प्राणमयमात्मानमुपसंक्रम्य। एतं मनोमयमात्मानमुपसंक्रम्य। एतं विज्ञानमयमात्मानमुपसंक्रम्य। एतमानन्दमयमात्मानमुप-

संक्रम्य । इमाँल्लोकान्कामान्नीकामरूप्यनुसंचरन् । एतत्सामगायन्नास्ते । हा ३ वु हा ३ वु हा ३ वु ।।५।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– जो इस प्रकार जानता है वह अन्नमय, प्राण-मय, मनोमय, विज्ञानमय, आनन्दमय इन पाँच कोषों का अतिक्रमण करके यथेच्छ भागवत् लोकों में संचरण करता हुआ सामश्रुतियों का गायन करता है ।। श्री ।।

संगति– अब भोक्ता और भोग्य की एकात्मता का वर्णन करते हैं ।। श्री ।।

अहमन्नमहमन्नमहमन्नम् । अहमन्नादो३ऽहममन्नादो३ऽहमन्नादः । अह ँ् श्लोककृदह ँ् श्लोककृदह ँ् श्लोककृत् । अहमस्मि प्रथमजा ऋता३स्य । पूर्वं देवेभ्योऽमृतस्य ना३भायि । यो मा ददाति स इदेव मा३वाः । अहमन्नमन्नमदन्तमा३द्मि । अहं विश्वं भुवनमभ्यभवा३म् । सुवर्न ज्योतीः य एवं वेद इत्युपनिषत् ।।६।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– "मैं अन्न हूँ, मैं अन्न हूँ, मैं अन्न हूँ। अर्थात् शरीर की दृष्टि से मैं काल का भोग्य हूँ। मैं अन्न खाने वाला हूँ, मैं अन्न खाने वाला हूँ, मैं अन्न खाने वाला हूँ। मैं श्लोक का रचयिता, मैं श्लोक का रचयिता हूँ, मैं श्लोक का रचयिता हूँ। मैं देवताओं में सबसे पहले उत्पन्न हुआ मैं अमृत का जन्मदाता हूँ। जो मुझे देता है वह सब कुछ दे देता है। मैं अन्न हूँ। मैंने अन्न खाते हुए को खाया। मैं विश्व हूँ मैंने संसार को अभिभूत किया है" इस प्रकार जो जानता है अर्थात् अपने विशुद्धभाव का चिन्तन करता है वह सुवर्ण के समान ज्योति को प्राप्त कर लेता है। अथवा शोभनवर्ण परमात्मा श्रीराम से ज्ञानज्योति प्राप्त करता है, यही उपनिषद् है ।। श्री ।।

इस भाँति उपनिषद् तैत्तिरीय पर
राघव कृपा भाष्य करके,
श्री हरि वैष्णव संत जनों की
चरण रेणु सिर पर धर के ।।
मैं रामभद्र आचार्य आज
बन रहा कृतज्ञ सुधी धन का
यह ग्रन्थ बने पाथेय भूत
परमार्थ पथिक वैष्णव जन का ।।

।। इति श्रीतैत्तरीयोपनिषद् पर श्रीचित्रकूटतुलसीपीठाधीश्वरजगद्गुरुरामानन्दाचार्य स्वामीरामभद्राचार्य प्रणीत श्रीराघवकृपाभाष्य सम्पन्न हुआ ।।

।। **श्रीराघवोः शन्तनोतु** ।।

●

।। श्रीः ।।

ध्रुवमिदं, विश्वस्य विश्वेऽपि विचरकाश्चामनन्ति यज्जीवेनात्यन्तिकं सुखं नोपलब्धुं शक्यते केवलैः सांसारिकैर्भोगैः। तत्कृते तु तैः जगन्नियन्तुः परमात्मनः शरणमेवाङ्गीकरणीयम्। अनादिकालादेव सर्गेऽस्मिन् ब्रह्मजिज्ञासासमाधानपराः विचाराः प्रचलन्ति। विषयेऽस्मिन् सर्वे दार्शनिकाः सहमता यद्वेदैरेवास्य गूढरहस्यात्मकस्य परब्रह्मणः प्रतिपादनं सम्भवम्।

परब्रह्मणो निश्वासभूता अनन्तज्ञानराशिस्वरूपाः वेदाः ज्ञानकर्मोपासनाख्येषुत्रिषु काण्डेषु विस्कृताः सन्ति। एषां ज्ञानकाण्डाख्य उपनिषद्भागे वेदान्तापरनामधेया ब्रह्मविद्या वैशद्येन विर्वोचता व्याख्याता चास्ति। आसामुपनिषदां सम्यग्ज्ञानेनैव ब्रह्मज्ञानं तेन च भवदुःखनिवृत्तिरित्युपनिषदां सर्वातिशायिमहत्वं राद्धान्तयन्ति मनीषिणः। आसु प्रश्नोत्तरात्मकातिरमणीयसुमम्यसरलशैल्या जीवात्मपरमात्मनोर्जगतश्च विस्तृतं व्याख्यानं कृतमस्ति। अनेकैर्महर्षिभिरनेकैः प्रकारैरुद्भावितानां ब्रह्मविषयकप्रश्नानां समाधानानि ब्रह्मवेतृणां याज्ञवल्क्यादिमहर्षीणां मुखेभ्य उपस्थापयन्त्युपनिषदः। भगवता वेदव्यासेन ब्रह्मसूत्रेषु भगवता श्रीकृष्णेन च श्रीगीतायामासामेव सारतत्वं प्रतिपादितम्।

भारतीयदर्शनानामाधारभूता इमे त्रयो ग्रन्थाः विभिन्नसम्प्रदायप्रवर्तकैराचरयैर्व्यख्याताः। एष्वद्वैतवादिन आद्यशङ्कराचार्याः प्रमुखा, अन्ये च द्वैतशुद्धाद्वैतद्वैताद्वैतशिवाद्वैतदिवादिनो विद्वांसः स्वस्वमतानुसारमुपनिषदः व्याख्यापयांबभूवुः।

अथ साम्प्रतिकभारतीयदार्शनिकमूर्धन्यैर्वेदवेदाङ्गपारङ्गतैर्धर्मध्वजधारिधौरेयैः श्रीरामानन्दाचार्यैः श्रीरामानन्दाचार्य श्रीरामभद्राचार्यमहाराजैर्विशिष्टाद्वैतसिद्धान्तमनुसृत्य कृतामिदमुपनिषदां **''श्रीराघवकृपाभाष्यम्''** सर्वत्रैवाभिनवविचारैर्व्युत्पत्तिभिश्चालङ्कृतं विभाति। भाष्येऽस्मिन्नाचार्यचरणैः शब्दव्युत्पत्तिचातुरीचमत्कारेण सर्वोपनिषदां प्रतिपाद्यः भगवान् श्रीराम एवेति सिद्धान्तितम्। मध्ये मध्ये गोस्वामिश्रीतुलसीदासग्रन्थेभ्यः ससंस्कृतरूपान्तरमुदाहता अंशविशेषासुवर्णे सुरभिमातन्वन्ति। श्रीराघवपदपद्ममधुकराः भक्ता अत्रामन्दानन्दमाप्नुयुरिति भगवन्तं श्रीराघवं निवेदयति।

डॉ. शिवरामशर्मा
वाराणसी